प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.07.2025/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे

प्रधानमंत्री–नशा मुक्त भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन के महत्व पर जोर देते हुए एक लेख साझा किया है और इसे नशा मुक्त भारत की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। एमवाई– भारत पहल के अंतर्गत युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन काशी के पवित्र घाटों पर विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा विषय पर आयोजित किया जा रहा है। दो दिन का यह शिखर सम्मेलन कल शुरू हुआ था और यह मोदी सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा है। इसका उद्देश्य युवाओं के नेतृत्व में कई पहलों के माध्यम से मादक पदार्थों का सेवन समाप्त करना है।

केंद्रीय टीम

प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम कल अपने तीन दिवसीय दौरे पर मंडी पहुंची। सात सदस्यीय केंद्रीय दल ने धर्मपुर क्षेत्र में आपदा से हुए नुकसान का जायज़ा लिया। इस दल में गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव पार्थसारथी सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने केंद्रीय दल को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की जानकारी दी और राहत व पुनर्वास कार्य से अवगत कराया। ये दल आज थुनाग, जंजैहली और करसोग सहित अन्य क्षेत्रों में भारी वर्षा से हुए नुकसान का आकलन करेगा।

मॉनसून सत्र

संसद का मॉनसून सत्र कल से शुरू होगा जो 21 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी। सरकार ने मानसून सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा करेगी।

मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में पिछले 24 घण्टों से रूक–रूक कर मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है। वहीं मंडी, कुल्लू, चंबा, किन्नौर जिलें में बादल छाए हुए हैं। राज्य में अब तक वर्षा से जुड़ी घटनाओं में एक सौ 19 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 लोग लापता हैं। प्रदेशभर में भूस्खलन से एक सौ 46 सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध हैं, जबकि 28 बिजली लाईनें और 58 पेयजल योजनाएं

भी बाधित हैं। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि कल 21 और 22 जुलाई को सोलन, शिमला, मंडी, सिरमौर और कांगड़ा ज़िले में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–सरकारी विभागों में अब होंगे जॉब ट्रेनी–अनुबंध भर्ती की जगह नई स्कीम लाई हिमाचल सरकार अधिसूचना जारी। दैनिक जागरण मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– विशेषज्ञ रोबोटिक सर्जन होंगे भर्ती। पंजाब केसरी के शब्द है–आपदा से ग्रस्त सराज के पुनर्वास को मनरेगा से खर्च होगा एक सौ 52 करोड़। दैनिक भास्कर की एक खबर है–किन्नौर में एन.एच. पर पहाड़ी दरकी, प्रदेश में 85 सड़कें बहाल, 146 अब भी बंद–आज 3 ज़िलों में भारी बारिश का अलर्ट।

———————